सीएम ने विकास योजनाओं के लिए स्वीकृत किए 257 करोड़

राज्य ब्यूरो, जागरण • देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में सड़क सुधार, शहरी विकास, जलापूर्ति, स्वास्थ्य और खेल समेत विभिन्न योजनाओं के लिए कुल 257 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से अलग-अलग जिलों में सड़क डामरीकरण, पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण के कार्य किए जाएंगे।

अल्मोड़ा के जागेश्वर क्षेत्र में मोरनौला-जैती मोटर मार्ग के डामरीकरण के लिए 4.26 करोड़, नैनीताल के भीमताल क्षेत्र में एनएच-87 पर कोठगोदाम बाइपास (काठगोदाम-रानीबाग खंड) के निर्माण के लिए 4.70 करोड़ तथा पौड़ी में व्यासघाट से सिल्सू मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण को 3.86 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। देहरादून के मसूरी क्षेत्र में देहरादून-किमाड़ी-लंबीधार-कार्ट मेकेन्जी मार्ग को सिंगल लेन से इंटरमीडिएट लेन में बदलने के लिए 14.55 करोड़ की मंजूरी दी गई है।

15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत शहरी निकायों को वर्ष 2024-25 की दूसरी किश्त के रूप में 58.37 करोड़ जारी किए जाएंगे।

कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों के तहत विभिन्न 40 कार्यों के लिए 90.36 करोड़ की दी गई मंजूरी

इसके अलावा हल्द्वानी-काठगोदाम, गौचर, महुवाखेड़ागंज, चमियाला, किच्छा, नंदप्रयाग, नरेंद्रनगर और तपोवन में 'देवभूमि रजत जयंती पार्क' निर्माण के लिए 5.65 करोड़ स्वीकृत हुए हैं। पंचम राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत जिला पंचायतों को 79.09 करोड़ तथा शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों के लिए 81.57 करोड़ की धनराशि मंजूर की गई है। पौड़ी जिले में चिनवाड़ी डांडा में 1.53 एमएलडी जल उपचार संयंत्र के निर्माण को 3.72 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। कोटद्वार में आटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक निर्माण के लिए 79.68 लाख जारी किए गए हैं, जबकि लघु सिंचाई विभाग के लिए 39.04 लाख राज्य आकस्मिकता निधि से स्वीकृत किए गए हैं। कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों के तहत 40 विभिन्न कार्यों के लिए 90.36 करोड़ की मंजूरी दी गई है।

योजनाओं के लिए जारी किए 257 करोड़

14.55 करोड़ रुपये देहरादून-किमाड़ी-मसूरी मार्ग को इंटरमीडिएट लेन में बदलने के लिए जारी किए मुख्यमंत्री ने

देहरादून, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जनकल्याणकारी योजनाओं को गति देने के लिए 257 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी है। इस भारी-भरकम बजट के माध्यम से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क सुधार, स्वास्थ्य, शिक्षा और शहरी विकास के कार्यों में तेजी आएगी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के दुर्गम और महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के सुधारीकरण के लिए बड़ी धनराशि स्वीकृत की है। इसके तहत देहरादून-किमाड़ी-मसूरी मार्ग को इंटरमीडिएट लेन में बदलने के लिए 14.55 करोड़, जागेश्वर के मोरनौला जैती मार्ग के डामरीकरण के लिए 4.26 करोड़, भीमताल में काठगोदाम बाईपास निर्माण (4.70 करोड़) और कोट विकासखंड में सिल्सू मोटर मार्ग (3.86 करोड़) के सुधार को मंजूरी मिली है। वहीं, कोटद्वार में अत्याधुनिक ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक के लिए भी धनराशि जारी की गई है। कुंभ मेला की तैयारियों को मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के 40 कार्यों के लिए 90.36 करोड़ स्वीकृत किए हैं। इसके अतिरिक्त, हल्द्वानी, किच्छा और नरेंद्रनगर सहित आठ निकायों में देवभूमि रजत जयंती पार्क का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के लिए 3.47 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।